# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा
**Town Official Language Implementation Committee, Noida**
(गृह मंत्रालय, भारत सरकार)
**Ministry of Home Affairs, Govt. of India**
सचिवालय : भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
**Secretariat : Inland Waterways Authority of India**

ए–13, सैक्टर–1, नौएडा–201 301, दूरभाष : 0120–2521724, फैक्स : 0120–2543973, ई–मेल : **iwainoi@nic.in**


सं0–न0रा0का0स0 / भा0अ0ज0प्रा0 / हि / 2 / 2017 — दिनांक **29.11.2017**

सेवा में

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा
के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख।

विषय : **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के तत्वावधान में वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, सैक्टर–24, नौएडा के सौजन्य से दिनांक 27.12.2017 को दोपहर 2.30 बजे से वर्ग–पहेली प्रतियोगिता का आयोजन।**

मान्यवर महोदय / महोदया,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के तत्वावधान में **वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, सैक्टर–24, नौएडा के सौजन्य से दिनांक 27.12.2017 को दोपहर 2.30 बजे से वर्ग–पहेली प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त प्रतियोगिता में अपने यहाँ से अधिकतम तीन प्रतिनिधियों को नामित करते हुए उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए निदेश देने की कृपा करें।

नामित प्रतिनिधि की पुष्टि **श्री बीरेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक, वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, सैक्टर–24, नौएडा को उनके दूरभाष सं0–0120–2411533–35 / 9910389033 पर दिनांक 26.12.2017** तक अवश्य कराने का कष्ट करें। सुविधा के लिए **वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, सैक्टर–24,** नौएडा की ओर से भेजे गए पत्र, नामांकन प्रपत्र और प्रतियोगिता से संबंधित अन्य विवरण इस पत्र के साथ संलग्न किए जा रहे हैं।

भवदीय

(अजय कुमार)
सदस्य सचिव

**संलग्न–यथोक्त।**

**प्रतिलिपि :–**

1. अध्यक्ष, न.रा.का.स., नौएडा के प्रधान निजी सचिव, सूचनार्थ।
2. सचिव, भा.अ.ज.प्रा. की निजी सहायक, सूचनार्थ।
3. श्री बीरेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक, वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, सैक्टर–24, नौएडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
4. श्रीमती दुर्गा पाण्डेय, संयोजक, प्रतियोगिता समिति, न.रा.का.स., नौएडा एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि0, पावर सेक्टर, उत्तरी क्षेत्र, सैक्टर–16ए, नौएडा, सूचनार्थ।
6. उपनिदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (उत्तर), 302, सी0जी0ओ0 भवन – 1 कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद – 201002
7. कार्यालय प्रति    8. मास्टर प्रति    9. नोटिस बोर्ड

/Issued
/Date
04-12-17
/Sign.

वी.वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय)
V.V. GIRI NATIONAL LABOUR INSTITUTE
(An Autonomous Body of Ministry of Labour and Employment, Government of India)

Tel. : 2411 533-34-35
Fax : 2411 536
2411 471/474
website : www.vvgnli.gov.in
Twitter handles : @LabourMinistry
@Dattatreya

रा.भा./001/10/नराकास

21 नवंबर 2017

श्री अजय कुमार
सदस्य सचिव
नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा
भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
ए - 13, सैक्टर - 1, नौएडा

विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के तत्वावधान में वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नौएडा द्वारा 'वर्ग-पहेली प्रतियोगिता' का आयोजन

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय संबंधी दिनांक 20.10.2017 के अपने पत्र सं. न.रा.का.स./भा.अ.ज.प्रा./हि./2/2017 का संदर्भ लें। इस संबंध में आपको सूचित किया जाता है कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के तत्वावधान में वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नौएडा द्वारा `वर्ग-पहेली प्रतियोगिता` का आयोजन दिनांक 27 दिसंबर 2017 को अपराह्न 2.30 बजे से किया जा सकता है। एक घंटे की अवधि वाले प्रश्न पत्र का स्वरूप निम्न प्रकार होगा।

प्रश्न-पत्र में दो भाग होंगे। पहले भाग में 25 पदबंध होंगे। प्रतियोगियों को इन पदबंधों की जगह सामान्य व्यवहार/कार्यालयीन कामकाज में प्रयुक्त अभिव्यक्तियों (जैसे कि ***सूचना के लिए - सूचनार्थ, जहाँ तक संभव हो - यथासंभव, परिवार के साथ - सपरिवार***) को दी गई वर्ग-पहेली में ढूँढकर चिह्नित करना होगा। दूसरे भाग में वर्ग-पहेली में प्राप्त अभिव्यक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतियोगियों को 25 वाक्य (कम से कम पाँच शब्दों के) बनाने होंगे।

आपसे अनुरोध है कि कृपया सभी सदस्य कार्यालयों को सूचित करने का कष्ट करें एवं प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

भवदीय,

(हर्ष सिंह रावत)
प्रशासन अधिकारी

23.11.17

संलग्नक: प्रतियोगिता का विवरण एवं नामांकन प्रपत्र

**वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान**

**सैक्टर - 24, नौएडा - 201 301**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के सदस्य कार्यालयों के लिए 'वर्ग-पहेली प्रतियोगिता'

प्रतियोगिता का विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रतियोगिता की तिथि/समय | 27 दिसंबर 2017 / अपराह्न 2.30 बजे से |
| 2. | प्रतियोगिता का स्थान | सेमिनार खंड, वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान<br>सैक्टर - 24, नौएडा - 201 301 |
| 3. | प्रतिभागी | नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के प्रत्येक सदस्य कार्यालय के कर्मचारी (एक कार्यालय से अधिकतम तीन प्रतिभागी, हिन्दी के पदों पर कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी भाग नहीं ले सकेंगे) |
| 4. | विषय | प्रतिभागियों को एक घंटे की अवधि में एक प्रश्न-पत्र हल करना होगा, जिसका स्वरूप निम्न प्रकार होगा:<br>प्रश्न-पत्र में दो भाग होंगे। पहले भाग में 25 पदबंध होंगे, प्रतियोगियों को इन पदबंधो की जगह सामान्य व्यवहार/ कार्यालयीन कामकाज में प्रयुक्त अभिव्यक्तियों (जैसे कि ***सूचना के लिए - सूचनार्थ, जहाँ तक संभव हो - यथासंभव, परिवार के साथ - सपरिवार***) को दी गई वर्ग पहेली में ढूँढकर चिह्नित करना होगा। दूसरे भाग में वर्ग-पहेली में चिह्नित अभिव्यक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतियोगियों को 25 वाक्य (कम से कम पाँच शब्दों के) बनाने होंगे। |
| 5 . | पुरस्कार | प्रथम - ₹ 2000<br>द्वितीय - ₹ 1500<br>तृतीय - ₹ 1200<br>प्रोत्साहन - ₹ 1000 (प्रत्येक 15 प्रतिभागियों पर एक, अधिकतम 05) |
| 6. | नामांकन भेजने की अंतिम तिथि | 20 दिसंबर 2017 |
| 7. | संपर्क सूत्र | श्री बीरेन्द्र सिंह रावत, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक- 9910389033<br>0120 - 2411533-35 / विस्तार - 263<br>ई-मेल: bssrawat@yahoo.co.in |

नामांकन निम्नलिखित को भेजे जाएंगे:

श्री हर्ष सिंह रावत
प्रशासन अधिकारी
वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान
सैक्टर - 24, नौएडा - 201 301

# नामांकन - प्रपत्र

सेवा में,

श्री हर्ष सिंह रावत
प्रशासन अधिकारी
वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान
सैक्टर - 24, नौएडा - 201 301

विषय: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नौएडा के तत्वावधान में वी. वी. गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान, नौएडा द्वारा दिनांक 27 दिसंबर 2017 को अपराह्न 2.30 बजे से `वर्ग-पहेली प्रतियोगिता` का आयोजन

महोदय,

हम अपने कार्यालय से निम्नलिखित प्रतिभागी को नामांकित कर रहे हैं।

1. प्रतिभागी का नाम :..........................................................................
2. पदनाम :..........................................................................
3. प्रतिभागी का दूरभाष (मो.):..........................................................................
4. कार्यालय का नाम :..........................................................................
5. कार्यालय प्रमुख का नाम :..........................................................................
6. कार्यालय का फोन नं./फ़ैक्स :..........................................................................
7. दिनांक :..........................................................................

..........................................................
कार्यालय प्रमुख के हस्ताक्षर व मोहर